हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



## खबर संक्षेप





### ग्रामीण साहू समाज चुल्हापथरा का अध्यक्ष बना बिसेलाल

**गुरूर।** ग्रामीण साहू समाज चुल्हापथरा का गठन किया गया। बिसेलाल साहू को अध्यक्ष मनोनित गया, उपाध्यक्ष सेवा राम साहू होंगे। महिला उपाध्यक्ष लता साहू, संगठन सचिव पुरूशोत्तम साहू, संगठन सचिव महिला रूपवंतीन साहू, कोशाध्यक्ष मोजीराम साहू, सचिव चुरामन साहू को चुना गया। संरक्षक जालम साहू होंगे। चुनाव के लिए तहसील साहू संघ द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में तेजराम साहू एवं उत्तम साहू को नियुक्त किया गया। चुनाव सर्वसम्मति से एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इस दौरान परिक्षेत्र साहू संघ अध्यक्ष गौकरण साहू सहित समाज के प्रबुद्वजन उपस्थित थे।

### मोदी के जन्मदिन पर मोखा में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित



**गुरूर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम पंचायत मोखा मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प स्वछता ही सेवा संकल्प के तहत स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया एवं ग्राम पंचायत मोखा मे साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मोखा के सरपंच अश्वनी युगलकिशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर, प्रभारी शक्ति केंद्र मोखा धर्मेन्द्र साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोखा राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, शक्ति केंद्र सहसंयोजक पुरुषोत्तम साहू, अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोखा श्यामलाल सिन्हा, बूथ अध्यक्ष ईश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष मोखा पुरुषोत्तम कलिहारी, पंच रूपचंद गजेंद्र और ग्रामीण जन, माताए उपस्थित थे।

### मोदी के जन्मदिवस पर गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाया



**गुरूर।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमित होने वाले कोठार की सफाई–धुलाई के अतिरिक्त खरपतवार की सफाई की गई। मैदान की सफाई की गई। गौशाला में गौ माता को हरा चारा के साथ गुड़ का भोग लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चिरायु व स्वस्थ होने की कामना की गई। इस दौरान गौ माता की आरती उतारी गई एवं मंगल गीत गाए गए। इस दौरान ओमप्रकाश, रवि कुमार, हरीश साहू, जादू राम साहू, पूनम साहू, सावित्री साहू, प्रियंका साहू, प्रीति साहू, कार्तिक मण्डावी, चुनिता साहू, पूर्णिमा साहू, ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने नियमित सफाई करने, अपने आसपास सफाई रखने, अन्य को सफाई के लिए प्रेरित करने, अन्स सौ लोगो को सफाई का संकल्प कराने का संकल्प कराने व उसका पालन करने का संकल्प लिया।

### उपस्वास्थ्य केंद्र में रक्त दान शिविर का आयोजन किया



**अंडा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर ग्राम पंचायत थनौद के उपस्वास्थ्य केंद्र में बालाजी ब्लड सेंटर द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत थनौद सरपंच मेनका दिनेश देशमुख पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख संदीप खरे, फलेंद्र देशमुख, सीताराम ठाकुर, आकाश ठाकुर, मुकेश देशमुख, संतोष सिन्हा, गजेंद्र देशमुख कमल ,किशोर देशमुख, हीरेंद्र देशमुख, सहित अनेक युवा उपस्थित थे। जिसने मोदी जी के जन्मदिवस पर लगभग 40 युवाओं ने रक्त दान किया।

## आयोजन : गौशाला परिवार ने बच्चों को किया फल-मिष्ठान वितरण

# पीएम के जन्मदिन पर गौशाला में संगोष्ठी व सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के 75वीं वर्शगांठ पर श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा द्वारा विविध आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता, भू–जल संरक्षण व संवर्धन, व जैविक खेती विशय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृशि मंत्री छ.ग. शासन के निर्देशानुसार, अध्यक्ष छग राज्य गौ सेवा आयोग बिसेसर सिंह पटेल के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश पर ग्राम चुल्हापथरा के विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी चुल्हापथरा के बच्चो को फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। प्राथमिक शाला के चुल्हापथरा के कक्षा 5 वीं के छात्र दुष्यंत सिन्हा का जन्मदिन भी 17 सितंबर को था। गौशाला परिवार, ग्रांम पंचायत कन्हापुरी, ग्राम समिति चुल्हापथरा द्वारा छात्र दुष्यंत सिन्हा को उसके जन्मदिन पर सम्मान किया गया। छात्र–छात्रओं को मिष्ठान वितरण के दौरान गौशाला परिवार, ग्रांम पंचायत कन्हापुरी, ग्राम समिति चुल्हापथरा के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे। गौशाला द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ग्राम कन्हारपुरी सरपंच तेजराम साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खेमलाल साहू, परिक्षेत्रिय साहू समाज मोखा अध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व ग्रामीण सचिव कोमल सिन्हा,



ग्राम कोटवार नूतन दास मानिकपुरी, ग्राम पंचायत के पंच पंकज चिराम, पंच टिके"वरी साहू, व अनिता चिराम, नीलम साहू व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रूखवंतीन साहू, सदस्य परमोतिन यादव, हेमा भुआर्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोचन बाई साहू, सहायिका शुकुन बाई, प्रधान पाठक लुकेश प्रसाद मंडावी, शिक्षक चंद्रहास कुंभकार, शिक्षिका कविता रावटे उपस्थित थे। संगोष्ठी में गौशाला के सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि किस तरह से रासायनिक खाद व दवाई के कृशि में उपयोग से नभ, जल भूमि पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। कैसे जीव जंतु जहरीले होते जा रहें हैं। रासायनिक खाद के उपयोग से भूमि की वर्शा जल ग्रहण व शोखन करने की क्षमता क्षीण होती जा रही है। बच्चों को देशी गाय का दूध नहीं मिलने से किस प्रकार की हानि बच्चों को हो रही है। इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सरपंच तेजराम साहू ने कहा स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है जब हम सभी मिलकर इस ओर ध्यान दें। उन्होने कहा हमें सिर्फ अपने आस–पास की सफाई का ध्यान देना है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने क्षेत्र की सफाई रखेगा तो पूरा गांव स्वच्छ हो जायेगा। पूर्व ग्रामीण सचिव कोमल सिन्हा ने कहा कि सभी बच्चे शौचालय का उपयोग करें। शौच के बाद साबुन से अच्छे तरह से हाथ की सफाई करें। भोजन से पहले अच्छी तरह से हाथ की सफाई करें। स्वच्छ जल पीये। हमें घर के कचरों का सही से निपटान करना होगा।

परिक्षेत्रिय साहू समाज मोखा अध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि जहां स्वच्छता होगी वहां बीमारी की संभावना कम होगी। हमें मिलकर स्वच्छता, जैविक खेती, भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आव"यकता है। गौकरण साहू ने सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलवाया।

## स्वच्छता ही सेवा और आदि कर्मयोगी अभियान का गुदुम से शुभारंभ

**डौंडी।** बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक में स्वच्छता ही सेवा और आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को गुदुम गांव से हुई। यह पहल कलेक्टर उमेश दिव्या मिश्रा और जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में शुरू की गई है। जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीडी मंडले ने गुदुम गांव में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय परिसर की सफाई करके और सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाकर की गई। इस दौरान, ग्रामीणों को अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह कार्यक्रम 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस खास मौके को मनाने के लिए, गांव के बच्चों ने केक काटकर प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना की। बच्चों को गुलदस्ता देकर सम्मानित भी किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान का भी इसी कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ, जिसमें ग्रामीणों को एक कर्मयोगी बनने और लगातार काम करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता और अपने परिवेश को साफ रखने के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम और जिला भाजपा कोषाध्यक्ष मनीष झा सहित कई गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में 20 मास्टर ट्रेनर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, मितानिनें और स्वच्छाग्रही दीदी भी शामिल थीं। गुदुम के सरपंच भुनेश्वर कोसमा और सचिव गोविंद नुचार्य ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन को उनके जन्मदिन पर भाजपाईयों ने दी बधाई



**डौंडीलोहारा।** भाजपा के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख को उनके जन्मदिन पर भाजपा मंडल डौंडीलोहारा के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है। इसमें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, नगरपंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, लता गुप्ता, सुरजभान साहू, हेमलाल देशलहरा, महामंत्री द्वय सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पलाश गुप्ता, धनेश्वरी अटल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गैंदमल भंसाली, सुभद्रा टांडेकर, भाजयुमो के प्यारे निषाद, हिरेन्द्र गायकवाड़, डोमेन्द्र देशमुख, पूर्व एल्डरमेन यतेंद्र देवांगन, लिलेन्द्र सिन्हा, दिलीप बाफना, पूर्व पार्षद जीवराखन कौमार्य, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश केशरवानी, नोहरू ठाकुर, धीरेन्द्र टांक, संदीप भंसाली, धन्नू यादव, हिम्मत देशमुख, बलदाऊ सेन, मीनूठाकुर, पायल सोनी, धनेश्वरी अटल, देव दयाल देशमुख, सुरेश साहू, धीरज जैन, रेमन अटल, भानुदेवदास साहू, दिलीप सिन्हा, जनपद सदस्य डोमेन्द्र झानू राजपूत, अभय साहू, प्रकाश जैन, अनिल पटेल, हरिश बर्मन, शशि सोनी, तुकाराम साहू, ढाल साहू, देव देवांगन, भुवन यादव, प्रकाश साहू, आरती संचेती, पार्षद ममता यादव, रेवती कोलियारे, सूर्यकला ठाकुर, शिवानी भंसाली, शोभा ठाकुर, बीर सिंह ठाकुर सहित अनेक वरिष्ठ भाजपाई शामिल हैं।

## सेवा पखवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने शुरू किया स्वच्छता अभियान



**डौंडी लोहारा।** भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन के संयुक्त निर्देश पर देशभर में प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर महात्मा गांधीजी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक सेवा कार्य के लिए सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में डौंडी लोहारा भाजपा मंडल द्वारा सभी बुथों में 17 सितम्बर को स्वच्छता अभियान से सेवा पखवाड़ा का शुरुआत की गई। डौंडी लोहारा के बुथ क्र. 78 में स्थित दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व व कार्यक्रम के सदस्य जसराज शर्मा के दिशा निर्देश पर कार्यकर्त्ता व जनप्रतिनिधि ने साफ-सफाई झाड़ू लगाकर किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, पूर्व एल्डर मेन दिलीप बाफना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षद ममता यादव, रेवती कोलियारे, अजय बाफना सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर न्योता भोज कराया



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर श्रीमति आशा सुरेश साहू द्वारा नेता भोजन कराया गया। आशा सुरेश साहू ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत ग्राम भोथली में स्कूली बच्चों को न्योता भोजन का लाभ मिल रहा है, इस अवसर पर आशा सुरेश साहू ने कहा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा करने वाले विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता जननायक यशस्वी प्रधानमंत्री है। माननीय मोदी जी विकसित भारत के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। बच्चे भगवान के रूप होते हैं उनको शिक्षा से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए माता-पिता भी बच्चों के प्रति निरंतर ध्यान दें और बच्चों को समय दे, बच्चों को पोषण युक्त भोजन खिलाए, सुरेश साहू अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय,सक्रिय सदस्य भाजपा ने कहा प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी नए भारत के शिल्पकार प्रधान सेवक व एक भारत श्रेष्ठ भारत के जनक है,मोदी जी मन ,वचन एवं कर्म से सदैव भारत वासियों की सेवा में तत्पर रहने वाले भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री है। जिन्होंने विश्व में भारत को अलग पहचान दिलाया है इस अवसर पर सुरेश साहू अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय, सक्रिय सदस्य भाजपा, आशा सुरेश साहू सक्रिय सदस्य भाजपा ,भानुप्रताप वर्मा प्रधान पाठक, चंदन साहू सहायक शिक्षक, नीरा साहू, सुनेति निषाद ,कांतिबाई यादव उपस्थित थे।

## मोदी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया स्वल्पाहार का वितरण



**डौंडीलोहारा।** नगर के युवा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वल्पाहार के रूप में भजिया आम जनता को खिलाया, जिसका सैकड़ो लोगों ने आनंद लिया। गरम-गरम भजिया खाकर लोगों ने मोदीजी के जन्मदिन की बधाई देते हुए आयोजकों की प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा के धर्मेंद्र निषाद, धन्नू यादव, राजारम निषाद, हीराठाकुर, धीरज जैन, विनोद यादव, प्यारेलाल निषाद, भगवानी निषाद, अजय बाफना, महावीर तातेड, उदयराम रजक, रजत भंसाली, दीनू यादव, शंकर रजक, लोकेश यादव, बृजेश यादव, लोमन साहू सहित विशेष रूप से वरिष्ठ कार्यकर्ता तुकाराम साहू एवं नगर के बहुत से नागरिकों का योगदान रहा।

# दुकानदारों, वाहन मालिकों, वर्कशॉप संचालकों और राजमिस्त्रियों ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**डौंडीलोहारा।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर दुकानदारों, वाहन मालिकों, वर्कशॉप संचालकों, राजमिस्त्रियों, मिस्त्रियों, आईटीआई एवं विद्युत विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर पूजन-अर्चन कर भगवान विश्वकर्मा का स्मरण किया। सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर सजावट और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा। वर्कशॉप, गैरेज एवं दुकानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई। पूजा-अर्चना के



उपरांत फल, प्रसाद एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। वाहन मालिकों एवं ड्राइवरों ने भी अपने वाहनों को सजाकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और सुरक्षित यात्रा की मंगलकामना की। आईटीआई एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर कार्यस्थल की सुरक्षा और उन्नति की कामना की। वहीं कई स्थानों पर हवन और सामूहिक भजन-कीर्तन भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि एवं उन्नति की प्रार्थना की। नगर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। लोगों ने आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना के साथ पर्व मनाया। दुकानदारों और कारोबारियों ने इस दिन को शुभ मानते हुए नए कार्यों की शुरुआत भी की। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों पर विधिवत पूजन हुआ। इस प्रकार नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई, जिसमें सभी वर्गों के लोगों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

# विशेष अभियान 5.0: स्वच्छता से सुशासन की है नई क्रांति

**डौडीलोहारा।** केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान 5.0 को लेकर डौंडीलोहारा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने इसे देश में स्वच्छता और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करार दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा और प्रशासनिक व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।



यह राष्ट्रव्यापी अभियान 15 से 30 सितंबर तक प्रारंभिक चरण और 2 से 31 अक्टूबर तक मुख्य क्रियान्वयन चरण के रूप में चलाया जा रहा है। कुसुम शर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य केवल सरकारी दफ्तरों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लंबित मामलों का तेजी से निपटारा, ई-कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना भी है। कुसुम शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि की प्रशंसा करते हुए कहा, विशेष अभियान 5.0 सिर्फ दफ्तरों की सफाई का अभियान नहीं, बल्कि यह सुशासन और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का एक महायज्ञ है। इससे पूरी प्रशासनिक व्यवस्था अधिक जनहितकारी और प्रभावशाली बनेगी। उन्होंने इसे एक जनआंदोलन बताते हुए प्रत्येक नागरिक से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहित के मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शर्मा के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकार की यह संयुक्त पहल पूरे देश के लिए एक मिसाल बनेगी। मुख्यमंत्री साय की सक्रियता से यह अभियान छत्तीसगढ़ में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# स्वच्छता व हरित उत्सव की थीम पर हुआ विविध कार्यक्रम

■ आवास दिवस पर स्वच्छता का संकल्प व स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर मे पीएमएवाई यू 2.0 अंगीकार 2025 अभियान अंतर्ग 17 सितंबर को आवास दिवस के रूप मे मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जरे नगर का भ्रमण कर स्वच्छता को संदेश देकर आम जन को प्रेरित करेगी। इस दौरान सभी ने स्वच्छता का संकल्प लिया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर प्रतिवर्श की भांति इस वर्श भी स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वच्छ उत्सव एवं हरित उत्सव की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया, उक्त कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधियो के



द्वारा स्वच्छता रथ को आम नागरिको मे जनजागरूकता हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। आगामी दिवसो मे स्वच्छता लक्षित ईकाई का रूपांतरण, सार्वजनिक स्थलो की सफाई, उत्सवो को स्वच्छ और हरित बनाना, सफाई मित्रे का सुरक्षा शिविरो एवं प्रत्येक



वार्डो मे सफाई अभियान का आयोजन किया जाना है साथ ही रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमो का आयोजन किया गया एवं स्वच्छता शपथ लिया गया।

उक्त आयोजन मे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कुंती ताम्रज सिन्हा, राकेश दीवान, चन्द्रलता साहू, कमलेश बाई ओझा, अनाराम यादव, गिरधर लाल ठाकुर, मधु जगदल्ले, नारायण रामटेके एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष आनंद शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, ऋशि सिन्हा एवं नागरिकगण भागवत यादव, टक्कु लोहले, प्रीतम साहू, अनमोल सिंह बग्गा, द्वारिका साहू, रामे"वर लावत्रे, खिले"वरी साहू, यादराम साहू, महिला स्व. सहायता समूह, नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## लौह नगरी में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई



**दल्लीराजहरा।** लौह नगरी दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती उत्साह के साथ मनाया गई। गैरेज, बीएसपी माइंस, नगर पालिका परिसर सहित कई स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गईं। इस अवसर पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बस स्टैंड स्थित झा गैरेज में सजी प्रतिमा ने भक्तों का मन मोह लिया, वहीं चिखलाकसा में ज्योति हॉस्पिटल के पास चिखलाकसा विश्वकर्मा उत्सव समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विश्वकर्मा जयंती के इस पर्व पर धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुवार की शाम को प्रतिमाओं का विसर्जन चिखलाकसा तालाब में किया जाएगा, जिसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। विसर्जन यात्रा में बैंड-बाजे और शोभायात्रा शामिल होगी, जिसे लेकर शहरवासियों में काफी उत्साह है।

# भाजपा ने आयोजित किया परिचयात्मक कार्यक्रम



**गुरूर।** भक्तमाता कर्मा भवन पलारी में नगर पंचायत भाजपा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख के मार्गदर्शन में परिचयात्मक कार्यक्रम हुआ। इसमें अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने की। लखन लाल गुरुपंच, जहां सभापति जिला पंचायत लक्ष्मी अशोक साहू, सभापति जनपद पंचायत नरेश साहू, जनपद सदस्य गुलाब सिंहा, महामंत्री भाजपा ढंगु हिरवानी, महामंत्री ललित गजेंद्र, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबेर, पलारी सोसाइटी अध्यक्ष नंदकुमार साहू, बूथ अध्यक्षगण हेमलाल साहू, महेश्वर साहू, रूपराम साहू, संतोष कुर्रे, अशोक साहू, भाजुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष साहू, भाजुमो महामंत्री मितेश साहू, भाजुमो मुकेश साहू, भाजुमो उपाध्यक्ष गज्जू महमल्ला, पलारी नगरपंचायत भाजुमो अध्यक्ष त्रिभुवन साहू, गौरव, किशोर साहू, घिलेश्वरी, उषा साहू, भानबाई, सोहदरा बाई, अर्चना बाई, अमृता साहू, कुंती बाई, सविता साहू, रितेश कुमार, युगल साहू, चन्दन लाल, झम्मन पटेल, पोषण लाल, नविन, चम्पेश गुरुपंच, रुपेश गंगबेर, ज्ञान प्रकाश, हिमांशु वैका, संत राम, हेमलाल, तेजराम, डोमार सिंह, महेश्वर साहू, सुरेश, नर्रोत्तम साहू, वेदप्रकाश सहित नगर पंचायत कार्यकर्ता व भाजपा नेत्री मातृशक्ति उपस्थित हुए।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 दुकानदारों, वाहन मालिकों, वर्कशॉप संचालकों और राजमिस्त्रियों



12 पीएम के जन्मदिन पर गौशाला में संगोष्ठी ...





## खबर संक्षेप

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** ग्राम बालोदगहन में सैनिक की बेटी ने अपने दुपट्टे को फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बालोदगहन में कॉलेज की पढ़ाई कर रही युवती रात को अपने मां को खाना देने के बाद अपने कमरे में चली गई, जिसके बाद जब युवती की मां किसी संबंध में युवती के कमरे मे गई तो युवती कमरे में स्थित लोहे के हूक में अपने दुपट्टे को फंदा बनाकर फांसी में झूल रही थी, जिसके बाद घर में मौजूद उनकी मां व भाई ने आस पास के लोगो के साथ परिजनो को इसकी जानकारी दी, जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और शव का पंचनामा तैयार करने के बाद शव का पीएम कराकर शव परिजनो को सौप दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका युवती के पिता सैनिक है तथा घर में युवती, उनकी मां व उनके भाई ही रहा करते थे, युवती द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### 770 ग्राम गांजा जब्त आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** एक व्यक्ति के घर से पुलिस ने 770 ग्राम गांजा जब्त किया और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 सितंबर को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने नेमीचंद साहू नाम के एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान नेमीचंद साहू ने स्वीकार किया कि उसने मादक पदार्थ गांजा अपने घर में बिक्री के लिए रखा हुआ था। इसके बाद, पुलिस ने नियमों के अनुसार नेमीचंद साहू के घर की तलाशी ली। उसके टीवी रूम में रखे एक दीवान पलंग के अंदर से 43 जीप पॉलीथिन पैकेटों में पैक किया हुआ गांजा मिला। इसके साथ ही एक थैले में गांजे की बिक्री से मिले 2,300 रुपये नकद भी बरामद किए गए। आरोपी नेमीचंद साहू ने पुलिस को बताया कि चारामा, जिला कांकेर निवासी सूरज देवांगन 47 उसे गांजा उपलब्ध कराता था। नेमीचंद ने सूरज से मिले गांजे को अपने घर में बिक्री के लिए छिपाकर रखा था। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में 770 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत 11,550 रुपये बताई गई है और नकद 2,300 रुपये जब्त किए। आरोपी नेमीचंद साहू को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने उसके परिजनों को इसकी सूचना दे दी है। पुलिस इस मामले में सूरज देवांगन की तलाश कर रही है, जिसने आरोपी को गांजा उपलब्ध कराया था।

### खड़े वाहन से टायर और व्हील की चोरी

**बालोद।** शहर में चोरी की एक अजीब घटना सामने आई है, जहां एक अज्ञात चोर ने सड़क पर खड़े एक छोटे मालवाहक वाहन का पिछला टायर और व्हील चोरी कर लिया। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोर की तलाश कर रही है। वार्ड क्रमांक 10 जवाहर पारा निवासी प्रमोद गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी साइकिल की दुकान है और उनके पास एक टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 24 यू 5458 है। 14 सितंबर की रात उनके भतीजे शुभम गुप्ता ने इस वाहन को डौंडी कच्चे मार्ग पर स्थित बाजार चौक के पास एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के पास खड़ा किया था। अगले दिन 15 सितंबर को सुबह करीब 8 बजे जब प्रमोद गुप्ता ने अपने वाहन को देखा तो वह हैरान रह गए। वाहन का दाहिनी तरफ का पिछला टायर व्हील सहित गायब था। टायर की जगह, वाहन के नीचे एक जैक लगा हुआ था और वाहन में रखा पाना (स्पैनर) भी गायब था। प्रमोद गुप्ता ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और चोरी हुए टायर व व्हील की तलाश भी की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने 16 सितंबर को पुलिस थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

## आयोजन : भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान, लिया स्वच्छता का संकल्प

# मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया तथा रक्तदाताओं को हेलमेट एवं फल वितरण किया गया। साथ ही मोदी जी से प्रेरणा लेकर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 566 स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी बूथों पर स्वच्छता अभियान तथा जिला मुख्यालय में रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में एक पेड़ मां के नाम, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी, डॉक्यूमेंट्री सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं को प्रधान सेवक मानते हुए स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में देश नई ऊँचाइयों को छू रहा है और भाजपा कार्यकर्ता सेवा की भावना से प्रेरित हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने व जिले के समस्त कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के जन्मदिन पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी।

■ 566 स्थानों पर चला स्वच्छता अभियान





शिविर में भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला संघ बालोद, श्री नरसिंह मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, टुवानी मैटरनिटी एंड सर्जिकल हॉस्पिटल, इत्सा हॉस्पिटल रायपुर, गंगा मैया डायग्नोस्टिक सेंटर तथा सहायकता ब्लड बैंक बालोद का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ. मिताली टुवानी, डॉ. तारेश रावटे, डॉ. मोना टुवानी, डॉ. अमित पाण्डेय, डॉ. शिवेन्द्र तिवारी, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. नवीन जैन, डॉ. वैभव राठी, डॉ. सूर्या, डॉ. अविष कौर एवं डॉ. राकेश कुमार सिंह ने अपनी सेवाएँ दीं। इस अवसर पर निरूशुल्क परामर्श व दवा वितरण भी किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ. मिताली टुवानी, डॉ. तारेश रावटे, डॉ. मोना टुवानी, डॉ. अमित पाण्डेय, डॉ. शिवेन्द्र ने सेवाएं दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चेमन देशमुख, राकेश यादव, पवन साहू, वीरेंद्र साहू, यज्ञदत्त शर्मा, राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, ठाकुर राम चंद्राकार, हरीश कटझरे, पवन सोनबरसा, कांती सोनेश्वरी, जितेंद्र साहू, प्रेम साहू, सुरेंद्र देशमुख, पालक ठाकुर, पूजा यादव, कमलेश सोनी, विवेक वैष्णव, अरुण साहू, लोकेश श्रीवास्तव, मोंटी यादव, सरोज गंगबेर, सुनीता मनहर, प्रीतम यादव, दीपक लोढ़ा, गिरजेश गुप्ता, छवी सार्वा, आशा पटेल, प्रीति बाला साहू, राजेश दसोडे सहित इस कार्यक्रम में संगठन द्वारा स्वास्थ्य शिविर रक्तदान शिविर प्रभारी सहित विशेष योगदान आदित्य पिपरे, डॉक्टर रोहित साहू, डॉक्टर मोना टुवानी, बंटी चोपड़े, अभिन्ना यादव, संदीप सिंन्हा, शुभम देवांगन, कमल बजाज, राहुल साहू, संदीप साहू, संजय साहू, कुलदीप यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं सेवा कार्य में जुटे रहे।

### मोदी जन्मदिवस पर विकास कार्यों व योजनाओं की प्रदर्शनी

**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सेवा पखवाड़ा और विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ-साथ उनके कुशल नेतृत्व में देश में हुए उल्लेखनीय कार्यों का सजीव चित्रण किया गया था। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलीस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों एवं आगन्तुकों को विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी के संबंध में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित प्रचार सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाए गए इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सहायक ग्रेड 03 मनीष यादव, राजेन्द्र कुंजाम, जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक, सुरेन्द्र साहू सहित जनसंपर्क विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## भारत के विकास में मील का पत्थर है अंगीकार अभियान



**बालोद।** नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा अंगीकार अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पार्षद गिरीजेश गुप्ता, दीपक जैन, प्रीतम यादव, गोकुल ठाकुर, पुष्पा ईश्वर साहू, गोमती रात्रे, कांति तरुण साहू, सुनिता मनहर के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वनिधि योजना के हितग्राही एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा स्वच्छता के महत्वपूर्ण कार्य में अपनी बहुमूल्य सेवा देने वाले स्वच्छता दीदियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेमन देशमुख ने अंगीकार अभियान को भारत के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले स्वच्छता दीदियों के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्रहियों को आवास निर्माण पूर्ण होने पर उन्हें प्रमाणपत्र एवं नवीन आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने वाले हितग्राहियों को स्वीकृति का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा पूरे देश में आज से अंगीकार अभियान का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम स्थल में नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा स्टॉल लगाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म वितरण एवं फार्म भी जमा कराया गया।



## कलेक्टर ने 100 घंटे श्रमदान का संकल्प दिलाया







**बालोद।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर कलेक्टर मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति स्वयं सजग रहने और इसके लिए समय देने की शपथ दिलाई। इसके अलावा उन्होंने हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 02 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं गंदगी नही करने तथा किसी और को भी गंदगी नही करने देने की भी शपथ ली। इसके अलावा उन्होंने सबसे पहले स्वयं फिर अपने परिवार उसके पश्चात मोहल्ले और अपने गांव एवं कार्यस्थल से स्वच्छता की इस पुनीत कार्य की शुरूआत करने की शपथ ली। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के दौरान पुलीस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित बड़ी संख्या में संयुक्त जिला कार्यालय एवं जिला पंचायत कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के पहले दिन आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य केन्द्रों, हॉस्टल, आश्रम, आंगनबाड़ी केन्द्र आदि विभिन्न स्थानों पर कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों, छात्र-छात्रओं एवं आम नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इसके अलावा नगर पंचायत चिखलाकसा, गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्री मेट्रीक छात्रवास घीना, पोस्ट मेट्रीक कन्या आदिवासी छात्रवास बालोद, पोस्ट मेट्रीक बालक आदिवासी छात्रवास डौण्डीलोहारा, बालक आश्रम दुगएँटोला सहित आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित आदिवासी बहुल 186 गांवों में आज आयोजित सेवा पखवाड़ा के दौरान भी उपस्थित आदिवासी परिवार के लोगों एवं ग्रामीणजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

## गलत इलाज से युवक की मौत डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक 40 वर्षीय युवक की कथित तौर पर गलत इलाज के कारण मौत होने के बाद उसके पिता ने स्थानीय डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मोहला मानपुर के हज्जुटोला निवासी 64 वर्षीय आनंद राव जनबंधु ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुभाष जनबंधु पिछले 15 सालों से बवासीर से पीड़ित था। अपने दामाद रुपेश लाउने के माध्यम से उन्हें पता चला कि कांदुल गांव में एक डॉक्टर, जिसका नाम डॉ. आरआर साहू है, बवासीर के इलाज की गारंटी देता है।

इसके बाद, 8 मई को सुभाष डॉ. साहू के पास इलाज के लिए गए। डॉ. साहू ने इलाज शुरू करने के लिए 8 हजार रुपये फीस ली और उसी दिन सुभाष को 9 इंजेक्शन लगाए। इलाज के बाद, सुभाष घर लौट आया। अगले दिन 9 मई को सुभाष को शौच के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा और उनका पेट फूलने लगा। स्थिति बिगड़ते देख आनंद राव उन्हें अंबागढ़ चौकी के सरकारी अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें राजनांदगांव के जिला अस्पताल रेफर किया गया और फिर बेहतर इलाज के लिए उसी दिन भिलाई ले जाया गया। आनंद राव ने पुलिस को बताया कि डॉ. साहू ने उनके बेटे की बीमारी पूरी तरह ठीक करने का दावा किया था, लेकिन इंजेक्शन लगाने के बाद सुभाष की तकलीफ बढ़ गई। जब उन्होंने डॉ. साहू से संपर्क किया, तो डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया कि घबराने की जरूरत नहीं है और दवा और इंजेक्शन से जल्द ही सुधार होगा।

■ बवासीर का शर्तिया इलाज करने डॉक्टर ने दी थी गारंटी, उसी दौरान लगाया 9 इंजेक्शन, दूसरे दिन बिगड़ी तबीयत

हालांकि, 11 मई को इलाज के दौरान सुभाष की मृत्यु हो गई। पिता आनंद राव ने बताया कि अपने बेटे की अचानक मृत्यु से वे सदमे में थे, जिसके कारण तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पाए। कुछ दिनों बाद, उनके छोटे भाई और दामाद ने डॉ. साहू से मुलाकात की और उन्हें सुभाष की मौत की जानकारी दी, यह कहते हुए कि यह गलत इलाज के कारण हुआ है। जब परिजनों ने डॉ. साहू से पूछा कि उन्होंने कौन से इंजेक्शन दिए थे, तो डॉक्टर ने केवल ज़ाइलोकेन और बीटाडीन इंजेक्शन देने की बात कही, जबकि उन्होंने 9 इंजेक्शन लगाए थे। आनंद राव के दामाद ने डॉ. साहू के साथ हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया, जिससे यह साबित होता है कि डॉ. साहू ने सुभाष का इलाज किया था और उसे इंजेक्शन दिए थे। पुलिस ने आनंद राव की शिकायत के आधार पर डॉ. आर.आर. साहू के खिलाफ धारा 12 एलसीजी, 24 एलसीजी, और 105 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

### कार की टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़े, चालक घायल

**बालोद।** मंगलवार की रात बालोद जिले में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। बताया गया है कि रात में अपनी बाइक से दोस्त से मिलने जा रहे युवक को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घायल युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना 14 सितंबर की रात को हुई। दुर्ग जिले के जामगांव (आर) थाना अंतर्गत ग्राम बटरेल के निवासी रमेश नेताम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा मोहित नेताम 22 वर्ष रात करीब 8.30 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीवाई 3208 से धमतरी में अपने दोस्त से मिलने के लिए घर से निकला था। रात करीब 9.30 बजे, रमेश नेताम को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर सूचित किया कि उनके बेटे मोहित का ग्राम बोहारा चौक के पास मेन रोड पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही रमेश नेताम अपने गांव के दो अन्य व्यक्तियों, मिलाप ठाकुर और पुरानिक ठाकुर के साथ तुरंत घटना स्थल के लिए रवाना हुए। बोहारा चौक पहुंचने पर उन्हें पता चला कि घायल मोहित को 108 एम्बुलेंस से धमतरी के शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर रमेश नेताम ने देखा कि उनके बेटे के सिर, नाक और दाहिनी आंख पर गंभीर चोटें आई थीं और उसका प्राथमिक उपचार चल रहा था।

## सिविल न्यायालय भवन के लिए स्थल निरीक्षण हुआ



**डौंडीलोहारा।** शासन के निर्देशानुसार नवीन सिविल न्यायालय बालोद डौंडीलोहारा के लिए समीपस्थ ग्राम सम्बलपुर में भवन बाने जमीन की मांग की गई थी, जिसका स्थल निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि बहुत ही जल्द सर्वसुविधा युक्त नवीन सिविल न्यायालय अनुमानित लागत 10 करोड़ की सौगात मिलने की खबर से ग्रामवासी बहुत खुश है। उक्त भवन के लिए ग्राम पंचायत से अभिमत मंगाया गया है। शासकीय भूमि खसरा नंबर 1, रकबा 47.93 हेक्टेयर का टुकड़ा 2 हेक्टेयर भूमि नर्सरी पंचवन के अंतिम सीमा छोर जहां पर विद्युत वितरण उपकेंद्र भवन संचालित है के पास में बनाना सुनिश्चित किया गया है। इस पर तत्काल कार्यवाही राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र बोरकर, संबंधित हल्का पटवारी देवेंद्र गुप्ता, उपसरपंच टमेश साहू, सचिव द्वारिका चौधरी, विरेंद्र अजनबी, कौशल शर्मा, हुमन तारम, मितेश साहू, मुकेश साहू, विजय आदि ने स्थल निरीक्षण कर मुआयना किया। जल्द ही सारी प्रक्रिया करने की तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है।

## सरकारी स्कूलों में लगा है पुस्तकों का ढेर, प्राइवेट को नसीब नहीं हो रही

# त्रैमासिक परीक्षा शुरू, लेकिन स्कूलों में नहीं पहुंची सरकारी किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

प्राइवेट स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा प्रारंभ हो गई, लेकिन पूर्ण रूपेण निःशुल्क शासकीय पुस्तकें आज पर्यन्त तक नहीं मिली है, जबकि शासकीय स्कूलों के लिए पुस्तकों की ब्लाक में ढेर लगी हुई है। वितरण के बाद ब्लाक में हजारों पुस्तकें अतिरिक्त पड़ी है। प्राइवेट स्कूलों की मिन्नतों के बाद भी चाह कर भी अधिकारी पुस्तक नहीं दे पा रहें, क्योंकि प्राइवेट स्कूलों को पुस्तक देने का आदेश ही नहीं है।

संकुल समन्वयक के मार्गदर्शन में एक प्राइवेट स्कूल पुस्तक लेने बीईओ कार्यालय पाटन पहुंचे, लेकिन आदेश नहीं होने का हवाला देकर लौटा दिया गया। इस अव्यवस्था को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के संज्ञान में भी लाया गया। शिक्षा मंत्री ने संज्ञान में लिया और देखता हूं करके आश्वासन दिए। शिक्षा सत्र 2025-26 की निःशुल्क पुस्तकों का पहली किस्त जुलाई में उपलब्ध हुई, उसके बाद 3 माह बीत जाने के बाद भी पुस्तकों की दूसरी किस्त



नहीं मिलने के कारण प्राइवेट स्कूल के छात्रों के पालक नाराज है। शिक्षकों ने कहा कि शासन निःशुल्क पुस्तक दे रही है, लेकिन स्कूल वालों को एक बार में वाहनों का हजारों रुपया लगता है, दूसरी बार और जाना पड़ेगा फिर हजारों रुपयों की चपेट स्कूलों को लगेगी। अच्छा होता एक बार में ही पूरी पुस्तकें मिल जाती। छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक रायपुर बुक डिपो में दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूलों को पुस्तक वितरण के लिए निर्धारित दो दिवसीय तिथि के प्रथम दिवस 7 जुलाई को प्राइवेट स्कूल वालों की लगी लंबी कतार लगी, जब बारी आई तो पता चला डिपो में अनेक पुस्तकें उपलब्ध ही नहीं है। फिर एक बार कतार लगाने की व्यथा से शिक्षकों का मन हुआ उदास। नई पुस्तक के अभाव में पुरानी पुस्तक से पढ़ाई चली। कक्षा पहली दूसरी तीसरी और छटवी की पुस्तके बदल गई। एक माह की पढ़ाई मेहनत बेकार हो गई। शासन के पास पुस्तक वितरण के लिए व्यवस्था डीईओ बीईओ बीआसी संकुल समन्वयक नोडल केंद्र की श्रृंखलात्मक सुव्यवस्था है फिर भी पुस्तक वितरण के लिए डिपो में बुलाकर घमासान मचाए हुए हैं, शासन प्रशासन पुस्तक वितरण में इन माध्यमों का उपयोग नहीं करके सर्वत्र परेशानी का सैलाब खड़ा कर दिए हैं।

शासन से पहली से दसवीं तक पुस्तक निःशुल्क दी जाती है, जिसकी प्रक्रिया होती है। पहले डीईओ से अनुशंसा लेने जिला मुख्यालय का प्रवास खर्च, फिर पाठयपुस्तक निगम रायपुर डिपो हजारों की किराया वाली वाहन लेकर पहुंचकर कतार में खड़े होकर चालान कटवाना और फिर पुस्तक मिलने की बारी का इंतजार करना, बारी आ गई तो ठीक वरना फिर दूसरे दिन चक्कर। फिर एक बार हजारों का खर्चकर वाहन में आना पड़ेगा।

### ये पुस्तकें जुलाई में डिपो में नहीं मिली

जिसमें कक्षा 1 अंग्रेजी, कक्षा 2 हिंदी, कक्षा 4 हिंदी, कक्षा 4 पर्यावरण, कक्षा 5 हिंदी, कक्षा 5 पर्यावरण, कक्षा 6 संस्कृत, कक्षा 6 सामाजिक विज्ञान भाग एक, कक्षा 7 सामाजिक विज्ञान भाग, कक्षा 8 गणित, कक्षा 8 संस्कृत, कक्षा 8 सामाजिक विज्ञान भाग 1, कक्षा 8 सामाजिक विज्ञान भाग दो, कक्षा 9 अंग्रेजी, कक्षा 10 विज्ञान की पुस्तकें नहीं मिली। पाटन बीईओ प्रदीप महिलांगे ने कहा कि शासकीय स्कूलों को वितरण के बाद हजारों की संख्या में पुस्तक तो उपलब्ध है, लेकिन प्राइवेट स्कूलों को वितरण के लिए आदेश नहीं आया है। आदेश आते ही आदेशानुसार क्रियान्वयन किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप



### टीना शेड के लिए जनपद निधि से 2 लाख की मंजूरी

**लाटाबोड़।** मंगलवार को ग्राम लाटाबोड़ में टीना शेड का निर्माण कार्य के लिए जनपद विकास निधि द्वारा 2 लाख राशि स्वीकृत हुई है। जिसका भूमि पूजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य भगवती उइके सरपंच तेज प्रकाश मांडवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छात्रों ने जाना ओजोन परत का महत्व एवं संरक्षण



**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक शाला बड़गांव के बच्चों द्वारा ओजोन की प्रतिकात्मक O3 का आकार बनाया गया। शिक्षक कमल कांत साहू द्वारा वर्ल्ड ओजोन डे पर बच्चों को ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया गया। ओजोन परत सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है। इस दिन वैश्विक जागरूकता फैलाने और ओज़ोन परत की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए । इस अवसर पर शिक्षक टिकेंद्र रामटेके, राकेश यादव सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

## आयोजन

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर में निःशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर का आयोजन

### स्काउट्स-गाइड्स, युवाओं और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सी–मार्ट, नगर पालिका परिषद बालोद में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के 15 प्रभारी, पदाधिकारी एवं स्काउट्स–गाइड्स सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। रक्तदान शिविर में स्काउट्स–गाइड्स, युवाओं एवं नागरिकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त योगदास साहू, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नेम सिंह साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रेमलता चंद्राकर एवं जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिन्हा, बालोद विकास खंड सचिव रूपेन्द्र सिंहा, वाईपी गांगुली, कमला वर्मा, योगिता राजपूत, तुलसी डोंगरे विशेष रूप से उपस्थित रहे और शिविर संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री जी के सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण के संदेश को समर्पित है। उन्होंने स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा किए गए सहयोग, व्यवस्था एवं जनजागरूकता के प्रयासों की सराहना की।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद ने सभी सहयोगी चिकित्सकों, रक्तदाताओं एवं नगर पालिका बालोद के अधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान व स्वास्थ्य शिविर



**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही में स्वच्छता अभियान, स्कूली बच्चों को मिठाई वितरण और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शामिल थे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, सीएमओ किरण पटेल, पार्षद शैल सतीश महोबिया, अशोक महोबिया अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। सभी ने मिलकर कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रें की सफाई की। इसके बाद, प्रधानमंत्री के जन्मदिन की खुशी में स्कूली बच्चों को मिठाई भी बांटी गई। इसके अलावा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के लिए एक मेगा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में कई महिलाओं ने हिस्सा लिया और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई।

## ट्रैक्टर मालिक संघ ने विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना की



**लाटाबोड़।** बुधवार को ग्राम भोइनापार में ट्रैक्टर मालिक संघ एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में बाबा विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना की गई। जिसमें सभी ट्रेक्टर मालिको ने गलियों में विशेष रूप से साज सज्जा के साथ रंग बिरंगा गुब्बारों से सजाकर ग्राम की गलियों का भ्रमण किया। बाजार चौक में पंडितो ने शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना कर भगवान से ग्राम की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की ट्रैक्टर मालिक संघ के अध्यक्ष सहित ग्रामीण युवा महिलाएं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। इस दौरान लोक रिकार्डिंग संस्था नवा बिहान ग्राम बरारमुंडी अम्बागढ़ चौकी जिला राजनांदगाव की प्रस्तुति भी हुई।

## मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा सेवा पखवाड़ा आयोजित



**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन आज से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत स्वच्छ्ता कार्यक्रम ग्राम पंचायत कचान्दूर के बाजार स्थल पर स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, सौरभ चोपड़ा, कोमल सोनकर, विनोद चंद्राकर, शैल महोबिया, मण्डल उपाध्यक्ष हरीश निषाद, लक्ष्मी कांत साहू, सतीश साहू, सूरज यादव, दयानंद सिन्हा, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मोदी जन्मदिवस पर बालोद जिला चिकित्सालय में मेगा रक्तदान शिविर





**बालोद।** जिला रेडक्रास सोसायटी एवं जिला अस्पताल बालोद ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय बालोद में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रेडक्रास के राज्य चेयरमेन तोमन साहू थे। अध्यक्षता जिला चेयरमेन डॉ. प्रदीप जैन ने किया। जिला सचिव डॉ जेएल उइके, जिला वाइसचेयरमेन कमला वर्मा, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ. आरके. श्रीमाली, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी रेडक्रास के आजीवन सदस्य दिनेश तापडिया, शरद ठाकुर, रघुनन्दन गंगबोइर, राधा कौशिक, लेखराम साहू, किशोर मेहरा की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को रक्तदान करने एवं स्वच्छता का शपथ दिलाया, डा.प्रदीप जैन ने बच्चों को रक्तदान करने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताये और कहा कि रक्तदान करने से रक्त कम नहीं होता और सदैव पीड़ित मानवता की सेवा करने के लिए सभी छात्र छात्रओ को प्रेरित भी किये। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने सभी बच्चों को रक्तदान करने प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोमन साहू ने रक्तवीरो से मिलकर कहा कि हम सभी को वर्ष में चार बार रक्तदान करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद मरीज की जान बचा सके। इस रक्तदान शिविर में कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों, जिले के प्रमुख महाविद्यालय डौण्डी, दल्लीराजहरा, मंगचुआ, गुरूर, खेरथाबाजार, जेवरतला, बेलौदी, गुण्डरदेही, माहुद बी, अर्जुन्दा, महाविद्यालय के छात्र–छात्रए कालेज के कार्यक्रम अधिकारी एवं ब्लड बैंक के डां अजय साहू, डां कमलकांत, उत्तम टंडन एवं टीम के साथ उक्त शिविर को सफल बनाने में चन्द्र शेखर पवार रेडक्रास जिला संगठक, मनमोहन धाकड, वीर सिंह ठाकुर, हुमेश साहू, शशि देशमुख, सीमा जामवन्ते, मधुबाला कौशल, ऐनुका सार्वा, रीमा सोरी, कादम्बिनी यादव, चन्द्रलेखा ठाकुर, लाल रघुवीर सिंह का विशेष रुप से सहयोग रहा। शिविर में कुल 123 युवा भाग लिए जिनसे 75 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसमें चार बालिकाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







